RNI Title-Code :- RAJBIL27027

www.nagaurdaily.com

Email. nagaurdaily0@gmail.com

# नागौर डेली न्यूज

नागौर, कुचामनसिटी, डीडवाना, मकराना, परबतसर, जायल मेड़तासिटी, खींवसर, डेगाना व नावां से एक साथ प्रकाशित

अहसास बदलाव का...

वर्ष: 1 | अंक 307 | नागौर, 14 अक्टूबर, 2022 (शुक्रवार) | मूल्य 5 रुपया | पृष्ठ 4 | E-Edition

## पीएम मोदी ने किया चुनाव से पहले हिमाचल में प्रोजेक्टों का उद्घाटन



शिमला/ऊना।

विधानसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 दिन में तीसरी बार हिमाचल पहुंचे। पीएम पहले ऊना पहुंचे। यहां उनका गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। भीड़ के बीच पहुंचते ही जय श्रीराम और देखो-देखो कौन आया शेर आया शेर आया के नारे गूंजने लगे। पीएम ने कहा कि अपनी माता-बहनों की दर्द आपका ये बेटा नहीं समझेगा तो कौन समझेगा।

**पहाड़ का पानी और जवानी दोनों काम में लाए: मोदी**-चंबा में पीएम ने कहा कि 2 दिन पहले मैं महाकाल की शरण में था और आज मणि महेश की शरण में हूं। हमने इस कहावत को बदल दिया कि पहाड़ का पानी और जवानी यहां के काम नहीं आती। आज पानी भी और जवानी भी दोनों काम आ रही है।

**विद्युत परियोजनाओं और पीएमजीएसवाई के तीसरे चरण की शुरुआत**-पीएम ने चंबा में रिमोट से 180 मेगावाट की बजोली जल विद्युत परियोजना का लोकार्पण और 48 मेगावाट की चांजू में तीन जल विद्युत परियोजनाओं, 30.5 मेगावाट की दयोथल चांजू जल विद्युत परियोजना का शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का तीसरे चरण का शुभारंभ भी किया। इसके तहत पीएमजीएसवाई चरण एक व चरण दो में बनी सड़कों को अपग्रेड किया जाना है।

**पीएम ने और भई ऊने आलियों कहकर की भाषण की शुरुआत**-प्रधानमंत्री ने ऊना में अपने भाषण की शुरुआत लोकल बोली से शुरू की। उन्होंने और भई ऊने आलियों, कैसे हाल चाल है त्वाडा, ठीक ठाक हो कहकर भाषण शुरू किया। उन्होंने मां चिंतपूर्णी, देव गुरुनानक जी की धरती को प्रणाम करते हुए कहा कि विपरीत भौगोलिक परिस्थियों वाले हिमाचल का जीवन बेहद कठिन रहा है। वंदे भारत ट्रेन और सड़कों का जाल बिछने से लोगों का जीवन आसान होगा। उन्होंने कहा कि आजादी के 75 साल बाद भी कई लोगों ने न कभी ट्रेन देखी होगी न कभी सवारी की होगी। आज हिंदुस्तान की सबसे आधुनिक ट्रेन चल पड़ी है। पहली रैली बारिश से धुली, आज तीसरी रैली प्रधानमंत्री मोदी को सुनने के लिए ऊना में लोग सुबह से ही पहुंचने लगे हैं। पंडाल धीरे-धीरे भरने लगा है। लोगों को जांच के बाद ही पंडाल में एंट्री दी जा रही है। अच्छी बात यह है कि आज मौसम साफ बना हुआ है। इससे पहले 28 सितंबर को पीएम मोदी की मंडी के पड्डल मैदान में होने वाली रैली बारिश में धुल चुकी है। तब पीएम ने दिल्ली से वर्चुअली संबोधित किया था। 5 अक्टूबर को पीएम बिलासपुर में AIIMS का उद्घाटन करने के बाद कुल्लू के इंटरनेशनल दशहरे में भाग ले चुके हैं।

**सत्तारूढ़ भाजपा के लिए संजीवनी का काम करेंगे पीएम के दौरे**-पीएम के हिमाचल दौरों को सत्तारूढ़ भाजपा के लिए संजीवनी के तौर पर देखा जा रहा है, क्योंकि इसी सप्ताह कभी भी चुनाव आचार संहिता लग सकती है। सूत्रों की मानें तो सत्तारूढ़ भाजपा आचार संहिता लगने से पहले पीएम की धर्मशाला में एक ओर रैली प्लान कर रही है।

चर्चा यह भी है कि 15 अक्तूबर को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के सिरमौर दौरे के बाद भी आचार संहिता लगाई जा सकती है। अगर पीएम मोदी का 16 अक्तूबर का धर्मशाला का सरकारी दौरा तय होता है तो आचार संहिता इसके बाद लगने की संभावना है। वर्ष 2017 में 12 अक्तूबर को आचार संहिता लागू की गई थी।

### हिमाचल की जनता बदलेगी सत्ता परिवर्तन का रिवाज

प्रधानमंत्री ने कहा कि हिमाचल के लोगों ने भी पुराना रिवाज बदलने की ठान ली है। इसलिए डबल इंजन की सरकार हिमाचल में भी सरकार रिपीट करने का नया इतिहास बनाएगी। पीएम ने तंज कसते हुए कहा कि पूर्व की सरकारों ने 7 हजार किलोमीटर सड़कें बनाई और हमने 8 वर्षों में अब 12 हजार किमी ग्रामीण सड़कें बना दी। उन्होंने कहा कि हिमाचल में जब शांता जी और धूमल जी सीएम थे, उन्हें दिल्ली में अपने हक के लिए लड़ते देखा है लेकिन अब उनकी सरकार पहाड़ी प्रदेशों के लोगों को ज्यादा तरजीह दे रही है। पीएम ने कहा कि भारत की आजादी का अमृतकाल शुरू हो गया है। इसमें हमे हरेक हिंदुस्तानी का संकल्प पूरा करना है। आने वाले कुछ सालों में हिमाचल की स्थापना के भी 75 साल पूरा होने वाले है।

### दिल्ली में बैठे लोगों ने हिमाचल पर ध्यान नहीं दिया

ऊना रैली में प्रधानमंत्री मोदी ने विरोधियों पर निशाना साधते हुए कहा कि आजादी के इतने वर्षों बाद भी कनेक्टिविटी की समस्या रही है। पीएम ने कहा कि आज हिमाचल में देश की सबसे आधुनिक ट्रेन न केवल खड़ी हुई है, बल्कि दौड़ पड़ी है। दिल्ली में बैठे लोगों ने भी हिमाचल के हितों का कभी ध्यान नहीं रखा, जिसका खामियाजा यहां के भोले भाले लोगों को भुगतना पड़ा। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि पूर्व सरकारों ने कभी गड्ढों को भरने का प्रयास नहीं किया लेकिन हम विकास की नई इमारतें बना रहे हैं। जो सुविधाएं पिछली शताब्दी में लोगों तक पहुंच जानी चाहिए थी, वो अब मिल रही है।

## जम्मू आए पंडितों को दिवाली पर नहीं मिलेगी सैलरी

### कश्मीर छोड़ने वाले कर्मचारी बोले- सरकार हमें खुशी से त्योहार नहीं मनाने देगी

नई दिल्ली

कश्मीर के 10 जिलों से जम्मू आए कश्मीरी पंडितों के लिए फिर नई मुसीबत खड़ी हो गई है। प्रशासन ने प्रधानमंत्री पैकेज के तहत काम कर रहे अधिकतर कश्मीरी पंडित कर्मचारियों को सितंबर की सैलरी देने इनकार कर दिया है। करीब 4 हजार से ज्यादा कर्मचारी इनमें शामिल हैं। यानी कि 80 से 90% लोग ऐसे हैं, जिन्हें अब तक पैसा नहीं मिला है।

**153 दिनों से कर रहे हैं प्रदर्शन**-ये कर्मचारी पिछले 153 दिनों से अपनी मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। ये घाटी से 'रिलोकेशन' की एक सूत्री मांग पर अडिग हैं। सरकार के साथ अब तक हुई बातचीत में कोई सहमति नहीं बन पाई है। बड़ी संख्या में धरना दे रहीं महिला कर्मचारियों ने गुस्सा जताते हुए दैनिक भास्कर को बताया कि दिवाली से ठीक पहले सरकार के फैसले से मुसीबतें बढ़ गई हैं। क्या सरकार हमें त्योहार पर खुश नहीं देखना चाहती? दरअसल, कश्मीर के डिविजनल कमिश्नर ने 8 अक्टूबर को आदेश जारी कर कहा था कि जिस कर्मचारी की बायोमीट्रिक अटेंडेंस की डिटेल नहीं होगी, उसकी सितंबर की सैलरी रिलीज नहीं की जाएगी। यह आदेश प्रधानमंत्री पैकेज के तहत काम कर रहे 4 हजार से ज्यादा पंडित कर्मचारियों पर भी लागू होता है।

## खड़गे बोले- बकरीद पर बचेंगे, तब मोहर्रम में नाचेंगे : पीएम का फेस बनने के सवाल पर मुहावरे में दिया जवाब

भोपाल।

भोपाल आए कांग्रेस अध्यक्ष पद के प्रत्याशी मल्लिकार्जुन खड़गे से जब मीडिया ने ये सवाल किया कि अध्यक्ष बनने के बाद आप पीएम का चेहरा भी बनेंगे क्या? इस पर खड़गे ने मुहावरे में जवाब देते हुए कहा - बकरीद पर बचेंगे, तब मोहर्रम में नाचेंगे। उनके इस जवाब पर वहां ठहाके लगे। खड़गे ने कहा- आज मैं यहां संगठन के लोगों से मिलने आया हूं, उनके सामने अपनी बात रखने आया हूं। यह संगठन का चुनाव है। कांग्रेस के संविधान के अनुरूप हम यह चुनाव लड़ते हैं। चिंतन शिविर, डेलिगेशन में जो निर्णय हुए थे, उसे प्रमुखता से लागू करूंगा। मैं सबसे जुडूंगा। विश्वास में लूंगा, उसके बाद ही निर्णय लूंगा। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से चर्चा करूंगा। खड़गे ने बुधवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी दफ्तर पहुंचकर कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और समर्थन मांगा। इस दौरान मध्यप्रदेश के पूर्व सीएम कमलनाथ, प्रदेश प्रभारी जेपी अग्रवाल के साथ उन्होंने बंद कमरे में करीब 45 मिनट बात की। वे कांग्रेस नेता और पीसीसी डेलीगेट्स से भी मिले। खड़गे जब मीडिया से बात करने पहुंचे तो यहां सेल्फी के लिए जमकर धक्का-मुक्की भी हुई। खड़गे ने भाजपा पर भी जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार संविधान नष्ट कर रही है, जहां-जहां भी कांग्रेस की सरकार आई, मोदी और शाह ने मिलकर हमारे विधायक चुरा लिए। कांग्रेस को जनता का सपोर्ट मिलने के बाद भाजपा ने संविधान के खिलाफ जाकर चोरी की। कांग्रेस की लड़ाई सड़क से लेकर संसद तक रहेगी।

## उत्तराखंड में एनकाउंटर से बढ़ा बवाल, आमने-सामने योगी और धामी की पुलिस

नई दिल्ली

उत्तराखंड के रुद्रपुर में कुंडा थाना क्षेत्र के भरतपुर गांव में ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख की पत्नी की फायरिंग में मौत के बाद मचे हुए बवाल में धामी सरकार की उत्तरखंड और योगी आदित्यनाथ की यूपी पुलिस आमने-सामने आ गई है। बुधवार देर रात मचे बवाल के बाद आज गुरुवार को फॉरेंसिक की टीम ने भरतपुर गांव पहुंचकर सबूत भी जुटाए। मामले में उत्तराखंड और यूपी पुलिस की ओर से केस दर्ज किया गया है। उत्तराखंड पुलिस के डीआईजी (कुमाऊं जोन) एनए भरणे ने कहा कि यूपी पुलिस उत्तराखंड में स्थानीय पुलिस को बिना कोई सूचना दिए दबिश देने आई थी, जिसके बाद बवाल शुरू हुआ। कहा कि कोई भी पुलिसकर्मी वर्दी में भी नहीं थे। यह बहुत गलत है कि पुलिसकर्मियों द्वारा जबरन घर में घुसकर फायरिंग की गई, जिससे एक महिला की मौत हो गई, जिसके बाद हत्या का केस दर्ज किय गया है।

## राज्य सरकार की नीतियों से राजस्थान सौर ऊर्जा में अव्वल : गहलोत

जयपुर।

मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने कहा कि आज राजस्थान अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में एक अग्रणी राज्य बन चुका है। राज्य द्वारा नवीन सौर ऊर्जा व पवन ऊर्जा नीति लाने तथा नियमों का सरलीकरण करने से अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में लगातार निवेश आ रहा है। इन्वेस्ट राजस्थान समिट में भी सबसे ज्यादा एमओयू सौर ऊर्जा के क्षेत्र में ही साइन हुए हैं। मुख्यमंत्री गुरूवार को कोल इंडिया लिमिटेड तथा राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम के बीच 1190 मेगावाट की सोलर परियोजना की स्थापना के लिए एमओयू स्थापित होने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने हमेशा अक्षय ऊर्जा संसाधनों को प्रोत्साहन दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोल इंडिया का राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम के साथ सोलर परियोजना के लिए 5400 करोड़ रूपए का एमओयू राज्य सरकार व केन्द्र के बीच अच्छे तालमेल का द्योतक है। श्री गहलोत ने कहा कि सोलर पार्क की स्थापना से कोयले की बचत एवं प्रदूषण में कमी के साथ-साथ आमजन को निर्बाध विद्युत आपूर्ति की जा सकेगी।

राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम तथा कोल इंडिया लिमिटेड के संयुक्त तत्वाधान में कुल 2000 मेगावाट बिजली उत्पादन क्षमता वाला सोलर पार्क बीकानेर जिले की पूगल तहसील में स्थापित होगा। इसमें से 1190 मेगावाट क्षमता की सोलर परियोजना कोल इंडिया द्वारा स्थापित की जाएगी, वहीं 810 मेगावाट क्षमता की सोलर परियोजना राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम द्वारा स्थापित की जाएगी। सोलर पार्क के लिए 4846 हैक्टेयर भूमि बीकानेर में आवंटित की जा चुकी है।

गहलोत ने कहा कि राज्य में सौर ऊर्जा के क्षेत्र में बढ़ रहे निवेश का लाभ प्रदेशवासियों को देने के लिए सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने हेतु आवश्यक उपकरणों के उत्पादन तथा असेंबली का कार्य राज्य में ही किया जाना चाहिए। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित हो सकेंगे।




### राज्य सरकार कोयला आपूर्ति के लिए निरंतर उठा रही कदम

मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में स्थित राज्य को आवंटित कोयला खानों में खनन विभिन्न कारणों से बाधित होने से कोयला आपूर्ति प्रभावित हुई है, परन्तु केन्द्र सरकार व कोल इंडिया लिमिटेड से समन्वय कर राज्य को मिलने वाले कोल रैक की संख्या बढ़ायी गयी है। इससे राज्य में सुचारू कोयला आपूर्ति सुनिश्चित हुई है। केन्द्र सरकार द्वारा राज्य की जरूरत का 10 प्रतिशत कोयला महंगे आयातित कोयले के रूप में खरीदने का आदेश रद्द करने से भी राज्य पर आर्थिक भार कम हुआ है। उन्होंने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकारों के बीच अच्छे तालमेल से ही 2029-30 तक 500 गीगावाट क्षमता अक्षय ऊर्जा विकसित करने का राष्ट्रीय लक्ष्य पूरा हो पाएगा।

### सौर ऊर्जा परियोजनाओं में राजस्थान प्रथम

उल्लेखनीय है कि 14 हजार 825 मेगावाट क्षमता की सौर ऊर्जा परियोजनाओं की स्थापना कर राजस्थान देश में प्रथम स्थान पर है। आमजन को सौर ऊर्जा उत्पादन से जोड़ने के लिए राज्य सरकार निरंतर प्रयास कर रही है एवं राज्य में 835 मेगावाट क्षमता के सोलर रूफ टॉप संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं। इस अवसर पर केन्द्रीय कोयला मंत्री श्री प्रहलाद जोशी ने कहा कि देश में कोयले के पर्याप्त भंडार उपलब्ध हैं तथा राज्यों को आवश्यकतानुसार कोयला आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। कोयले की सुगम ढुलाई सुनिश्चित करने के लिए राज्यों को रोड टू रेल और रेल समुद्र रेल के विकल्प भी उपलब्ध कराये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग के खिलाफ लड़ाई में भारत सबसे आगे है। ऊर्जा राज्य मंत्री श्री भंवर सिंह भाटी ने कहा कि राज्य सरकार की नीतियों से प्रदेश में सौर ऊर्जा के क्षेत्र में निजी व सरकारी क्षेत्रों से निवेश आ रहा है तथा राजस्थान देश में सौर ऊर्जा का हब बनकर उभरा है।

## सुप्रीम कोर्ट की बड़ी बेंच करेगी अब हिजाब विवाद की सुनवाई, दोनों जजों की राय एक नहीं

नई दिल्ली।



कर्नाटक में शिक्षण संस्थानों में हिजाब बैन के खिलाफ दायर याचिकाओं पर अब सुप्रीम कोर्ट की बड़ी बेंच सुनवाई करेगी। बेंच में शामिल दोनों जजों की राय अलग अलग है। जहां जस्टिस हेमंत गुप्ता ने हिजाब बैन को सही ठहराया है। वहीं जस्टिस सुधांशु धूलिया ने कर्नाटक हाईकोर्ट के बैन जारी रखने के आदेश को रद कर दिया। ऐसे में अब इस मामले को बड़ी बेंच में भेजा गया है।

जस्टिस हेमंत गुप्ता ने अपना फैसला सुना दिया है। उन्होंने हिजाब बैन के खिलाफ दायर याचिकाओं को खारिज कर दिया है। यानी हिजाब पर प्रतिबंध को सही माना है। बड़ी पीठ को भेजने के लिए 11 सवाल तय किए गए हैं। संविधान के मूल के अधिकारों को लेकर सवाल तय किए हैं। हिजाब पर प्रतिबंध मामले को सुप्रीम कोर्ट की बड़ी बेंच के पास भेजा गया है। इस मामले को तीन जजों की बेंच देखेगी। जब तक फैसला नहीं आ जाता तब तक कर्नाटक हाईकोर्ट का आदेश जारी रहेगा यानि हिजाब पर प्रतिबंध लागू रहेगा। सुप्रीम कोर्ट ने इससे पहले, हिजाब मामले में कर्नाटक हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती देने वाली विभिन्न याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित कर लिया था।

### 21 वकीलों के बीच 10 दिन चली बहस

इस मामले में 21 वकीलों के बीच दस दिनों तक बहस चली थी। याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता दुष्यंत दवे ड्रेस कोड वाले कर्नाटक सरकार के संदर्भ में पीएफआइ से उसके ताल्लुक का कोई जिक्र नहीं था। सर्वोच्च अदालत में दायर विभिन्न याचिकाओं में से एक में बताया गया है कि सरकार और प्रशासन छात्राओं को अपने धर्मों का पालन करने देने में भेदभाव बरतते हैं। इससे कानून व्यवस्था बिगड़ने की परिस्थितियां पैदा होती हैं। एक अन्य याचिका में कहा गया है कि हाई कोर्ट ने अपने आदेश में छात्र-छात्राओं को समानता के आधार पर क समान निर्धारित वेशभूषा पहननी चाहिए।

### हिजाब बैन पर ओवैसी बोले- बीजेपी ने बिना जरूरत के इसे मुद्दा बनाया

कर्नाटक के शैक्षणिक संस्थानों में हिजाब बैन को लेकर आज सुप्रीम कोर्ट ने खंडित फैसला सुनाया है। इसके बाद इसको लेकर एआईएमआईएम प्रमुख और हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी का भी बयान सामने आया है। असदुद्दीन ओवैसी ने साफ तौर पर कहा है कि हिजाब को भाजपा ने बेमतलब का बड़ा मुद्दा बनाया है। हैदराबाद से सांसद ने कहा कि मेरे हिजाब से हाई कोर्ट का निर्णय क़ानून के मामले में खराब था और क़ुरआन की बातों को गलत तरह से पढ़ा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि कर्नाटक की बच्चियां इसलिए हिजाब पहन रही क्योंकि क़ुरआन में अल्लाह ने उन्हें कहा है। बीजेपी ने बिना जरूरत के इसे मुद्दा बनाया।

## गोपाल इटालिया को हिरासत में लिए जाने पर आक्रामक हुई आप, केजरीवाल बोले- गुजरात के पटेल समाज में भारी रोष



नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले गुजरात आम आदमी पार्टी के प्रमुख गोपाल इटालिया को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। दरअसल, राष्ट्रीय महिला आयोग ने गोपाल इटालिया को समन भेजा था। इसी कड़ी में आज उन्हें दिल्ली पुलिस ने हिरासत में लिया है। फिलहाल उन्हें सरिता विहार पुलिस थाने लेकर जाया गया है। गोपाल इटालिया के हिरासत में लिए जाने की खबर के बाद से ही आम आदमी पार्टी अब भाजपा पर हमलावर हो गई हैं। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने साफ तौर पर कहा है कि गोपाल इटालिया की गिरफ्तारी से पूरे गुजरात के पटेल समुदाय में भारी रोष है। वहीं, गुजरात के आम आदमी पार्टी के सह प्रभारी राघव चड्ढा ने भी ट्वीट किया है।

अपने ट्वीट में राघव चड्ढा ने लिखा कि गोपाल इटालिया सरदार पटेल का वंशज है, तुम्हारी जेल से नहीं डरता। आप प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि केंद्र की पुलिस ने गुजरात आम आदमी पार्टी के प्रमुख गोपाल इटालिया को बिना किसी कारण अरेस्ट किया। उन्होंने दावा किया कि भाजपा पाटीदारों से बहुत नफ़रत करती है। पहले सरदार पटेल के वंशजों को गोली से मारा। अब उनके वंशज को गिरफ़्तार कर लिया। गुजरात के पाटीदारों में बहुत गुस्सा है। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा की पुलिस, भाजपा का महिला आयोग, भाजपा के अधीन हर एक सस्थान गोपाल इटालिया के पीछे पड़ा हुआ है। पाटीदार समाज से भाजपा की नफ़रत आज सबको नज़र आ रही है। आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि पाटीदारों के ख़िलाफ़ भाजपा में नफ़रत भरी पड़ी है।

## सम्पादकीय

# विवेक के विरुद्ध

केरल में दो महिलाओं की हत्या की ताजा घटना हमारे देश में विकास की उन तमाम अवधारणाओं पर सवाल उठाती है, जिसमें केवल अर्थव्यवस्था के आंकड़ों को पैमाना बना लिया जाता है और चेतना की कसौटी को हाशिये पर छोड़ दिया जाता है। इस हत्या की वजह बदला या कोई अन्य आम कारण नहीं है, बल्कि समृद्ध होने के लोभ में हत्यारे बलि जैसी झूठी धारणा में क्रूरता की हदों को पार कर गए। पथानामथिट्टा के एलंथूर गांव में तंत्र-मंत्र और बलि के जरिए अपना मनचाहा हासिल करने की सलाह देने वाले व्यक्ति की मदद लेकर एक दंपति ने दो महिलाओं की हत्या कर दी और उनके शवों को घर में ही दफना दिया। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि कहीं मारी गई महिलाओं का मांस भी तो नहीं खाया गया। यों अब तीनों आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं और कानूनन इस अपराध के लिए उनकी सजा तय की जाएगी, मगर यह अपने आप में हैरानी की बात है कि आज भी कैसे कोई इस तरह के अंधविश्वासों में जीता-मरता है कि किसी इंसान की हत्या करने के बाद चमत्कार के जरिए वह धनी बन जाएगा! माना जाता है कि केरल आमतौर पर एक शिक्षित और वैज्ञानिक चेतना वाला राज्य है, जहां के ज्यादातर लोग रोजमर्रा की जिंदगी में भी प्रगतिशील मूल्यों को अपनाते हैं। लेकिन हैरानी की बात है कि ऐसे राज्य में भी अंधविश्वास का ऐसा क्रूरतम रूप देखने में आ सकता है। दो महिलाओं की हत्या करते हुए अपराध में शामिल तीन लोगों ने इसके कानूनी अंजाम के बारे में सोचना जरूरी नहीं समझा, यह कानून-व्यवस्था और उसके प्रभाव का मामला हो सकता है। लेकिन इन हत्याओं का जो कारण सामने आया है, उससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि बलि के सहारे समृद्धि हासिल करने की पिछड़ी मानसिक अवस्था में जीने वाला व्यक्ति बाकी और क्या सोच सकने लायक होगा।

हाल ही में दिल्ली में भी इसी तरह से छह साल के एक बच्चे की हत्या कर दी गई थी। व्यक्ति के भीतर बिना मेहनत या क्षमता के अपना मनचाहा हासिल करने की ऐसी भूख कहां से पैदा होती है, जो उसे अंधविश्वासों की क्रूर और अज्ञानता की दुनिया में ले जाती है? विवेक से वंचित और सोचने-समझने के स्तर पर बेहद कमजोर ऐसे लोगों की भावनाओं का शोषण कर अंधविश्वास का कारोबार करने वाले तांत्रिकों या बाबाओं को खुली छूट कौन और किस आधार पर मुहैया कराता है? संविधान के अनुच्छेद 51-ए (एच) के मुताबिक वैज्ञानिक सोच, मानवतावाद, जांच और सुधार की भावना विकसित करना सभी नागरिकों का दायित्व है। क्या सरकारें और उनके संबंधित महकमे इस दायित्व से मुक्त हैं? अक्सर वामपंथी मूल्यों का हवाला देने वाली केरल की मौजूदा सरकार के लिए यह घटना ज्यादा शर्मनाक होनी चाहिए। वामपंथी दलों के सत्ता में या फिर विपक्ष में भी बेहद प्रभावशाली भूमिका में रहने के बावजूद इस स्तर के अंधविश्वास अगर पल रहे हैं, तो यह एक बड़े विरोधाभास का संकेत है। अंधविश्वास के नतीजे में अगर कोई जघन्य अपराध की घटना सामने आ जाती है, तो उसमें कानून के मुताबिक कार्रवाई की जाती है। लेकिन उससे पहले अमूमन हर गांव-शहर में पसरे तांत्रिकों या बाबाओं या तंत्र-मंत्र की गतिविधियां खुलेआम संचालित करने वालों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जाती। जबकि ऐसे ही लोग क्रूरतम अंधविश्वास को लोगों के मन-मस्तिष्क में बैठाने के स्रोत होते हैं। सिर्फ कक्षाओं में विज्ञान पढ़ाने से अंधविश्वास नहीं दूर होगा, जब तक कि वैज्ञानिक चेतना के विस्तार के लिए कुछ साहसपूर्ण पहलकदमी न हो।


# अंतरिक्ष अनुसंधान और मंगलयान

**मंगलयान-1 के बाद भारत के मंगल मिशनों का अब कोई भविष्य है या नहीं- इसे लेकर कई चर्चाएं हैं। जैसे कहा जा रहा है कि अब इसरो की प्राथमिकता इंसानों को अंतरिक्ष में ले जाने वाली परियोजना- गगनयान और चंद्रयान-3 है। इसके अलावा सूर्य के नजदीकी अध्ययन के लिए आदित्य- एल 1 भी इसरो की प्राथमिकता सूची में है। भारत और उसके अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान- इसरो के लिए किसी भी परियोजना का महत्त्व उसके आर्थिक पहलू, देश तथा जनता को उससे मिलने वाले लाभों पर आधारित होता है। संभवतः इसीलिए अब भारत का ध्यान मंगलयान-2 से ज्यादा दूसरी परियोजनाओं पर है। मगर उल्लेखनीय है कि मंगलयान-1 से भारत को अंतरिक्ष की होड़ में आगे बने रहने, मंगल ग्रह के करीबी अन्वेषण के साथ इस क्षेत्र के कारोबारी दोहन का वह मौका मिला, जो शायद इसके बिना मिलना संभव न होता। मंगलयान अभियान का उद्देश्य मंगल के वातावरण के अध्ययन के साथ वहां की जलवायु में बदलाव की पड़ताल करना था। इसके लिए मंगलयान में कई ऐसे आधुनिक उपकरण लगाए गए, जो मंगल के वातावरण में मौजूद मीथेन गैस से लेकर ऊपरी वायुमंडल में हाइड्रोजन कणों की उपस्थिति दर्ज कर सकते थे।**

**खासकर** यह सवाल कि क्या मंगल पर जीवन संभव है और क्या इंसान वहां जाकर अपनी रिहाइश के लिए बस्तियां बसा सकता है। अगर पृथ्वी से मंगल की औसत साढ़े बाईस करोड़ किलो मीटर दूरी तय करने में हमारे यान पांच-छह महीने के बजाय एक महीने का वक्त लेने लगें, तो संभव है कि इंसान पृथ्वी के बाद मंगल को अपना दूसरा ठिकाना बनाने के बारे में सोच सकता है। इसे संयोग कहा जा सकता है कि 2014 में अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा का यान मार्स एटमास्फीयर एंड वोलाटाइन इवोल्यूशन (मावेन) और भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी इसरो का मार्स आर्बिटर मिशन (मंगलयान-1) लगभग साथ-साथ मंगल तक पहुंचे थे। पर उस वक्त की गई इनकी तुलना बताती है कि कई चीजें इत्तिफाक नहीं थीं। मसलन, 4026 करोड़ रुपए के खर्च से मंगल तक पहुंचे मावेन के मुकाबले करीब दस गुना कम लागत (450 करोड़ रुपए) वाले हमारे मंगलयान यानी मार्स आर्बिटर का पहले ही प्रयास में सफल होना कोई संयोग नहीं था। इसके पीछे राजनीतिक इच्छाशक्ति और ठोस वैज्ञानिक इरादों के अलावा व्यापार की सोची-समझी रणनीति काम कर रही थी, जो भारत जैसे एक विकासशील देश को बेहद किफायत में अंतरिक्ष मिशन चला कर अंतरिक्ष में कमाई के मौके दिला रही है। अब हमारा मंगलयान खामोशी के साथ विदा हो गया है। बहुतों को लग सकता है कि अब भारत के अंतरिक्ष मिशन का क्या होगा और आखिर मंगलयान ऐसा क्या देकर गया, जिसे याद रखा जाएगा और जिसकी बुनियाद पर हमारे अगले अंतरिक्ष मिशनों का भविष्य तय होगा।

गौरतलब है कि मंगलयान की चर्चा का प्रमुख आधार इस पर हुआ खर्च था। 5 नवंबर 2013 को इसरो के श्रीहरिकोटा स्पेस सेंटर से पोलर सेटेलाइट वीकल (पीएसएलवी) सी-25 की मदद से प्रक्षेपित मंगलयान 24 सितंबर, 2014 को मंगल ग्रह की कक्षा में पहुंचा था। फिलहाल सूचना यह है कि महज छह महीने के लिए मंगल ग्रह की कक्षा में परिक्रमा करने के लिए भेजा गया मंगलयान निर्धारित की गई मियाद से सोलह गुना ज्यादा लंबी उम्र गुजारने के बाद आखिरकार खामोश हो गया। इसरो के यूआर राव सेटेलाइट सेंटर के निदेशक की ओर से 27 सितंबर, 2022 को जारी एक अनौपचारिक सूचना के मुताबिक अब मंगलयान से हमारा संपर्क टूट चुका है। इसकी वजह है मंगल पर लगातार लगे सूर्यग्रहण, जिनमें से एक इस साल साढ़े सात घंटे तक चला था। इन सूर्यग्रहणों के कारण मंगलयान में लगी सौर बैटरियां नाकाम हो गईं। उल्लेखनीय है कि मंगलयान की बैटरियां सूरज से रोशनी न मिलने की सूरत में एक घंटे चालीस मिनट तक ही चार्ज रह पाती थीं।

हालांकि साढ़े सात घंटे लंबे ग्रहण के बावजूद बैटरियों ने मंगलयान को संचालित करने की कोशिश की, लेकिन वापस पहले वाली हालत में आना संभव नहीं हुआ। फिर भी यह उपलब्धि कोई कम बड़ी नहीं है कि इन बैटरियों से मंगलयान आठ साल तक काम करता रहा, जबकि उसका निर्माण छह महीने के संचालन के लिए किया गया था। मंगलयान में लगाए गए करीब पंद्रह किलोग्राम वजनी उपकरण और सेंसरों ने सतह पर मौजूद खनिजों का पता लगाने, मंगल के वातावरण में मीथेन



गैस की मात्रा का आकलन करने के लिए तस्वीरों के जरिए मंगल की विभिन्न जगहों की बनावट का सटीक ब्योरा प्रस्तुत किया। अपने उच्च क्षमता वाले कैमरे की मदद से उसने वलयाकार परिक्रमा पथ में भ्रमण करते हुए जो तस्वीरें लीं, उनकी सहायता से इसरो के वैज्ञानिकों ने मंगल का 'फुल डिस्क मैप' तैयार किया।

मंगल पर आए धूल के तूफान का अध्ययन करने, यंत्र मेनका की मदद से ग्रह की सतह से 270 किलोमीटर ऊपर आक्सीजन और कार्बन डाई-आक्साइड की मात्रा का आकलन करने के साथ-साथ मंगल के 'एक्सोस्फेयर' में 'हाट आर्गन' की खोज करने जैसे कई अन्य महत्त्वपूर्ण काम मंगलयान ने किए। मंगल ग्रह के 'सोलर डायनेमिक्स' का जो अध्ययन इसरो मंगलयान की बदौलत कर पाया, उसके आधार पर इस संगठन को 'सेटेलाइट इमेजरी' जैसी अंतरिक्ष सेवाओं के लिए कई देशों से कारोबारी अनुबंध हासिल हुए हैं। बहरहाल, मंगलयान अब विदा हो चुका है, लेकिन कई सवाल हैं, जिनके उत्तर अभी खोजे जाने हैं। खासकर यह सवाल कि क्या मंगल पर जीवन संभव है और क्या इंसान वहां जाकर अपनी रिहाइश के लिए बस्तियां बसा सकता है। अगर पृथ्वी से मंगल की औसत साढ़े बाईस करोड़ किलोमीटर दूरी तय करने में हमारे यान पांच-छह महीने के बजाय एक महीने का वक्त लेने लगें, तो संभव है कि इंसान पृथ्वी के बाद मंगल को अपना दूसरा ठिकाना बनाने के बारे में सोच सकता है। असल में, जीवन के सिलसिले में मंगल एक संभावना क्यों है- इसकी बड़ी वजह मंगल ग्रह का अब तक अनुमानों के विपरीत सूखा और बंजर ग्रह नहीं होना है। अमेरिकी स्पेस एजेंसी-नासा के अंतरिक्ष यान 'मार्स रीकानिसेंस आर्बिटर से लिए गए चित्रों और प्रेक्षणों के आधार पर मंगल पर प्रचुर मात्रा में पानी की मौजूदगी का दावा किया जा चुका है। उन चित्रों के विश्लेषण में मंगल की एक सतह पर ऊपर से नीचे की ओर बहती हुई ऐसी धाराओं के प्रमाण मिले हैं जो करीब पांच मीटर चौड़ी और सौ मीटर तक लंबी हैं। ये जलधाराएं कम तापमान या फिर सर्दियों में गायब हो जाती हैं और तापमान बढ़ने पर यानी गर्मियों में एक बार फिर प्रकट हो जाती हैं। तस्वीरों के अध्ययन से यह भी साफ होता है कि मंगल ग्रह पर नमक, पानी के जमाव और पानी के वाष्पीकृत होने के संकेत हैं।

## व्यापार समाचार

# सेंसेक्स 390 अंक गिरकर 57,235 पर बंद, निफ्टी 110 अंक टूटा

मुंबई।

बिकवाली दबाव के कारण बीएसई सेंसेक्स बृहस्पतिवार को 390 अंक के नुकसान में रहा। खुदरा महंगाई के पांच महीने के उच्चस्तर पर पहुंचने के साथ नीतिगत दर में वृद्धि को लेकर चिंता के बीच वित्तीय, वाहन और रियल्टी कंपनियों के शेयरों में बिकवाली का सिलसिला चलने से बाजार नीचे आया। कारोबारियों के अनुसार, डॉलर के मुकाबले रुपये के मूल्य में गिरावट और कच्चे तेल के दाम में तेजी से भी बाजार धारणा पर असर पड़ा। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 390.58 अंक यानी 0.68 प्रतिशत की गिरावट के साथ 57,235.33 अंक पर बंद हुआ। इसी प्रकार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 109.25 अंक यानी 0.64 प्रतिशत की गिरावट के साथ 17,014.35 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के शेयरों में विप्रो सबसे अधिक 7.03 प्रतिशत के नुकसान में रहा। इसके अलावा एसबीआई, एलएंडटी, आईसीआईसीआई बैंक, एशियन पेंट्स, बजाज फाइनेंस, एचडीएफसी बैंक और एचडीएफसी



लि. भी नुकसान में रहे। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में एचसीएल टेक, सन फार्मा, डॉ. रेड्डीज, रिलायंस इंडस्ट्रीज और अल्ट्राटेक सीमेंट शामिल हैं। इनमें 3.19 प्रतिशत तक की तेजी रही। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''खुदरा मुद्रास्फीति संतोषजनक स्तर से ऊपर बनी हुई है। यह भारतीय अर्थव्यवस्था के लिये चिंता का विषय है। इसके अलावा, अगस्त में औद्योगिक उत्पादन में गिरावट का भी असर पड़ा है क्योंकि यह माना जाता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था तमाम चुनौतियों के बावजूद मजबूत बनी हुई है।'' उन्होंने कहा, ''इसके अलावा, अमेरिका में खुदरा महंगाई के आंकड़े जारी होने हैं और जो अनुमान है, उसमें इसके ऊंचा रहने की आशंका है। इससे वैश्विक बाजार में उतार-चढ़ाव आ सकता है।'' अमेरिका में खुदरा महंगाई का आंकड़ा बृहस्पतिवार को जारी किया जाएगा। खुदरा बिक्री का आंकड़ा शुक्रवार को आएगा। रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा कि घरेलू स्तर पर कमजोर रुख के बीच बाजार में शुरुआत हल्की रही। कंपनियों के तिमाही परिणाम मिले-जुले रहने के साथ खुदरा मुद्रास्फीति और औद्योगिक उत्पादन के कमजोर आंकड़ों से बाजार पर असर पड़ा है। घरेलू अर्थव्यवस्था को बुधवार को दोहरा झटका लगा।

खाद्य वस्तुओं के दाम में तेजी से खुदरा महंगाई दर सितंबर में बढ़कर 7.4 प्रतिशत पर पहुंच गयी। वहीं औद्योगिक उत्पादन में 18 महीने में पहली बार गिरावट आई। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति के लगातार दूसरे महीने बढ़ने से भारतीय रिजर्व बैंक पर महंगाई को काबू में लाने को लेकर नीतिगत दर बढ़ाने को लेकर दबाव बढ़ेगा। एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की, चीन का शंघाई कंपोजिट, हांगकांग का हैंगसेंग और दक्षिण कोरिया का कॉस्पी नुकसान में रहा। हालांकि, यूरोप के प्रमुख देशों के शेयर बाजारों में शुरुआती कारोबार में तेजी का रुख रहा। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा 0.31 प्रतिशत बढ़कर 92.74 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक शुद्ध बिकवाल बने हुए हैं।

## अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया पांच पैसे टूटकर 82.38 पर

मुंबई।



घरेलू स्तर पर व्यापक आर्थिक रुझानों में कमजोरी और शेयर बाजार में सुस्ती के बीच रुपया बृहस्पतिवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले पांच पैसे टूटकर 82.38 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। दिन में रुपये ने सीमित दायरे में कारोबार किया। कारोबारियों के बीच जोखिम से बचने की प्रवृत्ति से भी रुपये पर दबाव बना। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 82.30 पर खुला और पिछले बंद भाव से पांच पैसे की गिरावट दर्ज करते हुए 82.38 पर बंद हुआ। दिन के कारोबार में रुपया 82.25 से 82.42 के दायरे में रहा। रुपया बुधवार को डॉलर के मुकाबले 12 पैसे गिरकर 82.33 पर बंद हुआ था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक दिलीप परमार ने कहा, ''कारोबारियों के बीच सतर्क रुख के चलते एशियाई मुद्राओं में गिरावट हुई। उन्होंने फेडरल रिजर्व द्वारा दरों में वृद्धि के बारे में संकेत पाने के लिए बृहस्पतिवार को आने वाले अमेरिकी मुद्रास्फीति के आंकड़ों का इंतजार किया।'' परमार ने आगे कहा कि कमजोर क्षेत्रीय मुद्राओं और निराशाजनक घरेलू आर्थिक आंकड़ों से भारतीय रुपये पर दबाव पड़ा। उन्होंने कहा कि निकट अवधि में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 82.85-82.10 के दायरे में रह सकता है। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.26 प्रतिशत गिरकर 113.02 पर आ गया। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा 0.32 प्रतिशत बढ़कर 92.85 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर था।

## विदेशी बाजारों में नरमी से कुछ खाद्य तेलों के भाव टूटे

नई दिल्ली।

विदेशी बाजारों में गिरावट के रुख के बीच बृहस्पतिवार को स्थानीय बाजार में कुछ खाद्य तेलों की कीमतों में गिरावट का रुख रहा। बाजार से जुड़े सूत्रों ने बताया कि किसानों द्वारा कम भाव में बिकवाली नहीं करने से सोयाबीन दाना के भाव सुधार के साथ बंद हुए। वहीं विदेशी बाजारों में मंदी के चलते कुछ खाद्य तेलों के भाव मामूली गिरावट के साथ बंद हुए। इसके अलावा मांग कम होने से सरसों तेल-तिलहन के भाव में नरमी आई है। बाजार सूत्रों ने बताया कि बृहस्पतिवार को मलेशिया एक्सचेंज दो प्रतिशत तक टूटा। वहीं शिकॉगो एक्सचेंज भी 0.6 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ कारोबार कर रहा है। सूत्रों ने कहा कि सरकार को खाद्य तेलों की आपूर्ति श्रृंखला को बनाये रखने के लिए आयात की सीमा को पूरी तरह खत्म कर देना चाहिये या पांच प्रतिशत का आयात शुल्क लगा देना चाहिये। शुल्कमुक्त आयात के बाद 'शार्ट सप्लाई' (कम आपूर्ति) की वजह से इन तेलों के दाम पांच-छह रुपये प्रति किलो के प्रीमियम के साथ बिक रहे हैं। इस फैसले से आयात बढ़ने के बाद उपभोक्ताओं को भी सस्ते में खाद्य तेल उपलब्ध होगा। सूत्रों का कहना है कि आयात की सीमा से न तो किसानों, उपभोक्ताओं और न ही उद्योग का कोई फायदा हो रहा है। सरकार को सभी खाद्य तेलों पर आयात सीमा खत्म कर देनी चाहिए या सभी पर एक समान कर लगा देना चाहिए। उन्होंने कहा कि आयात की कोटा व्यवस्था खत्म कर देनी चाहिए। इससे सरकार को राजस्व की प्राप्ति होगी, किसानों की फसल बाजार में खपेगी और आयात बढ़ने की वजह से खाद्य तेल भी सस्ते होंगे।

## जटिल मुद्दों के समाधान के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग कर मिसाल पेश कर रहा है भारत : आईएमएफ

वाशिंगटन।


अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने कहा कि भारत जटिल मुद्दों का समाधान निकालने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करने के लिहाज से सबसे प्रेरणादायी मिसाल पेश कर रहा है और इस देश की बहुत सी बातें सीखने लायक हैं। उसने भारत की प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण योजना (डीबीटी) और इसी प्रकार के अन्य समाज कल्याण कार्यक्रमों को ''लॉजिस्टिक चमत्कार'' बताया। प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण का लक्ष्य विभिन्न समाज कल्याण योजनाओं के लाभ एवं सब्सिडी को पात्र लोगों के खाते में समय पर और सीधे भेजना है जिससे प्रभावशीलता, पारदर्शिता बढ़ती है तथा मध्यस्थों की भूमिका कम होती है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, 2013 से डीबीटी के जरिए 24.8 लाख करोड़ रुपये से अधिक राशि लाभान्वितों तक पहुंचाई गई है जिसमें से 6.3 लाख करोड़ रुपये के लाभ सिर्फ 2021-22 में ही पहुंचाए गए। 2021-22 के आंकड़ों के अनुसार औसतन 90 लाख से अधिक डीबीटी भुगतान प्रतिदिन होते हैं।

## अडाणी समूह की कंपनी को 'सॉवरेन' से ऊंची रेटिंग मिलने की उम्मीद

नई दिल्ली।

अडाणी समूह की एक कंपनी को जल्द ही भारत की सॉवरेन रेटिंग से ऊंची रेटिंग मिलने की उम्मीद है। गौरतलब है कि एशिया के सबसे धनी व्यक्ति गौतम अडानी के अडाणी समूह का कारोबार तेजी से बढ़ रहा है और कर्ज में कमी देखने को मिल रही है। अडाणी समूह के मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) जुगेशिंदर (रॉबी) सिंह ने 10 अक्टूबर को नयी दिल्ली में चुनिंदा निवेशकों को बताया कि जल्द ही समूह की एक कंपनी भारत की ऐसी पहली फर्म बन जाएगी, जिसका पूरा कारोबार देश में ही है और जिसकी रेटिंग सॉवरेन से ऊंची होगी।

बैठक में मौजूद दो लोगों ने यह जानकारी दी। सिंह ने कहा कि इस बारे में जल्द ही घोषणा की जाएगी। हालांकि, उन्होंने कंपनी का नाम नहीं बताया। एसएंडपी और फिच जैसी वैश्विक साख रेटिंग एजेंसियों ने भारत को 'बीबीबी-' की न्यूनतम निवेश रेटिंग दी है।




सार्वजनिक क्षेत्र की दिग्गज कंपनियों सहित ज्यादातर फर्मों को सॉवरेन रेटिंग के बराबर या उससे नीचे का दर्जा दिया गया है। फिच रेटिंग्स ने पिछले साल जून में अरबपति कारोबारी मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) को भारत की सॉवरेन रेटिंग से एक पायदान ऊपर की रेटिंग दी थी। कंपनी के कर्ज में कमी का हवाला देते हुए ऐसा किया गया। हालांकि, कुछ लोग तर्क दे सकते हैं कि रिलायंस का कारोबार देश के बाहर भी है।

## आज का राशिफल

### मेष
आपका शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। परिजनों के साथ स्वादिष्ट भोजन और अच्छे पल गुजार सकेंगे। आर्थिक विषयों से संबंधित योजना व्यवस्थित तरीके से बना सकेंगे। आय में वृद्धि होगी।

### वृषभ
आज आपका दिन ताज़गी और उत्साह से भरपूर रहेगा। आप आनंद अनुभव कर सकेंगे। दोस्तों और सगे-सम्बंधियों से उपहार मिल सकेगा। आपका दिन यात्रा में गुजर सकता है। आप स्वादिष्ट भोजन बना पाएंगे।

### मिथुन
आज संयमित व्यवहार आपको बहुत सी तकलीफों से बचा लेगा। शारीरिक पीड़ा के कारण मानसिक अस्वस्थता की अनुभूति होगी। पारिवारिक माहोल में किसी बात का डर लगा रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च में वृद्धि होगी।

### कर्क
अचानक धन लाभ हो सकता है। मित्रों, सगे-सम्बंधियों और स्नेहीजनों के साथ दिन आनंद और रोमांच से भरपूर रहेगा। बिजनेस में लाभदायक लेन-देन और सौदा कर सकेंगे। बेटे और पत्नी से भी लाभ हो सकेंगे। प्रवास का योग है।

### सिंह
काम में विलंब होगा। घर और ऑफिस में उत्तरदायित्व बढ़ जाएंगे। जीवन अधिक गंभीर होता हुआ प्रतीत होगा। नए रिलेशन या काम के सम्बंध में अभी कोई महत्वपूर्ण निर्णय ना लें। पिताजी के साथ मतभेद हो सकता है।

### कन्या
आज शारीरिक सुस्ती और मानसिक थकान महसूस होगी। संतान के साथ अनबन या संघर्ष रहेगी। ऑफिस में उच्च अधिकारी के साथ भी विवाद हो सकता है। किसी समस्या का सामना करना पड़ सकता है।

### तुला
धार्मिक प्रवृत्तियों के पीछे खर्च होगा। दोस्तों से लाभ मिलने की संभावना है। आपको अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखना होगा। कटुवाणी और खराब व्यवहार के कारण विवाद या मतभेद हो सकता है।

### वृश्चिक
उग्र स्वभाव और खर्च पर अंकुश रखें। आपके विरोधी अधिक सक्रिय रहेंगे। अचानक आर्थिक लाभ हो सकता है। भोजन करने में अनियमितता और अत्यधिक खर्च आपको मानसिक रूप से परेशान करेंगे।

### धनु
आज आपका दिन आनंद और मौज-मस्ती से भरपूर रहेगा। दोस्तों का साथ मिलेगा। नए वस्त्र और आभूषण पहनने का अवसर प्राप्त होगा। साथ ही आप स्वादिष्ट भोजन प्रवास और मनोरंजन का आनंद लेंगे।

### मकर
आज आपको आर्थिक लाभ की संभावना है। नौकरीपेशा लोगों को नौकरी में लाभ और सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा। अधीनस्थ व्यक्तियों का सहयोग प्राप्त कर सकेंगे। कार्य में सफलता और यश मिलेगा।

### कुंभ
आज आपका मन चिंता और दुविधा में उलझे होने के कारण आप किसी भी विषय में ठोस निर्णय पर नहीं आ सकेंगे। आज महत्वपूर्ण निर्णय न लेने की सलाह दी जाती है। भाग्य साथ न देने से हताशा पैदा होगी।

### मीन
संतान के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। घर पर बुजुर्गों के स्वास्थ्य के संबंध में चिंता होगी। ऑफिस में उच्च अधिकारियों की नाराजगी सहन करनी पड़ेगी। गलत खर्च होंगे। आपको मानसिक व्यग्रता और बेचैनी का अनुभव होगा।

# कृष्णा हॉस्पिटल सहित दो अन्य चिकित्सालयों को नगर परिषद् ने पुनः दिया नोटिस

## पूर्व नोटिस के जवाब में कहा- ट्रांसफार्मर हटाने पर अतिक्रमण हटा लेगा कृष्णा हॉस्पिटल

### फायर एण्ड सेफ्टी व पार्किंग व्यवस्था की पालना के निर्देश

### नगर परिषद् प्रशासन को सौंपा लिखित जवाब

### ट्रांसफार्मर हटाने की कार्यवाही में जुटे विद्युत विभाग व नगर परिषद् के कार्मिक

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज )।** शहर के कृष्णा हॉस्पिटल प्रशासन द्वारा हॉस्पिटल के सामने लगे ट्रांसफार्मर की आड़ में किया गया अतिक्रमण अब शीघ्र ही हटने की उम्मीद है। उल्लेखनीय है कि ट्रांसफार्मर के सामने हॉस्पिटल प्रबन्धन द्वारा एक डी.जी. (जनरेटर) रखा हुआ है वहीं पक्का चबूतरा, सीढ़ियां एवं रैम्प बनाए हुए है। इस सम्बन्ध में परिषद् प्रशासन द्वारा 11 अक्टूबर को कृष्णा हॉस्पिटल सहित दो अन्य चिकित्सालयों को हॉस्पिटल के सामने व्याप्त अतिक्रमण हटाने सम्बन्धी नोटिस दिए थे। चिकित्सालयों को चौबीस घण्टे में जवाब देने के लिए कहा गया था। कृष्णा हॉस्पिटल प्रबन्धन द्वारा गुरुवार को इस सम्बन्ध में जवाब दिया गया, जिसमें लिखा गया है कि ट्रांसफार्मर हटाने पर वे अतिक्रमण हटा लेंगे। उल्लेखनीय है कि इस ट्रांसफार्मर की आड़ में 13 फीट सड़क पर अतिक्रमण किया हुआ है। यह मार्ग शहर के व्यस्ततम मार्गों में से एक है, जहां प्रतिदिन हजारों की संख्या में वाहनों का आवागमन होता है। तीन दिन पहले यहां डिवाइडर निर्माण कार्य का भी कृष्णा हॉस्पिटल के संचालक डॉ. बी.एल. गावड़िया सहित पास ही स्थित दो हॉस्पिटल्स संचालकों द्वारा विरोध किया गया था। गुरुवार को परिषद् प्रशासन ने सर्वप्रथम ट्रांसफार्मर हटाने की कार्यवाही प्रारम्भ की गई। परिषद् प्रशासन द्वारा इस सम्बन्ध में विद्युत विभाग में सम्पर्क कर ट्रांसफार्मर तुरन्त हटाने के लिए कहा गया। पालिका द्वारा ट्रांसफार्मर रखने के लिए नए स्थान का ज़ी चयन किया गया। जल्द ही नए स्थान पर ट्रांसफार्मर स्थानान्तरित होगा और हॉस्पिटल के सामने व्याप्त अतिक्रमण हट जाएगा।

#### डिवाइडर निर्माण कार्य रोकने से हुई शुरुआत

शहर के डीडवाना रोड पर बन रहे डिवाइडर निर्माण कार्य को सोमवार को कृष्णा हॉस्पिटल के संचालक डॉ. बी.एल. गावड़िया द्वारा रुकवाने के साथ ही पालिका प्रशासन एवं हॉस्पिटल प्रबन्धन के बीच टकराव शुरु हो गया। पालिका प्रशासन का कहना है कि यह मार्ग 70 फीट चौड़ा है लेकिन चिकित्सालय प्रबन्धन द्वारा अतिक्रमण कर मार्ग को संकरा कर दिया गया है। सोमवार को डिवाइडर निर्माण कार्य रुकवाने पर उपसभापति हेमराज चावला एवं डॉ. बी.एल. गावड़िया के बीच जोरदार बहस भी हुई। दोनों के बीच गर्मागर्मी हुई। मंगलवार को पालिका प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए सड़क का पुनः नाप-चौप करवाया तथा अतिक्रमण को चिह्नित करते हुए तीनों चिकित्सालयों को नोटिस जारी किए।

#### इनका कहना है



नोटिस के जवाब प्राप्त हो चुके है, जिसमें कृष्णा हॉस्पिटल ने डी.पी. हटने पर स्वयं अतिक्रमण हटा लेने की बात कही है। शहर विकास अनवरत जारी रहेगा। तीनों हॉस्पिटल्स को फायर एण्ड सेफ्टी तथा पार्किंग व्यवस्था के सम्बन्ध में आज एक नोटिस दिया गया है।

**श्रवणराम चौधरी,**
**आयुक्त नगर परिषद् कुचामनसिटी।**

#### इसलिए दिए नोटिस

कृष्णा हॉस्पिटल सहित दो अन्य चिकित्सकों को एक और नोटिस-गुरुवार को नगरपरिषद् द्वारा कृष्णा हॉस्पिटल सहित दो अन्य चिकित्सालयों को एक ओर नोटिस जारी किया गया। नोटिस में चिकित्सालयों को स्वयं की पार्किंग व्यवस्था एवं फायर एण्ड सेफ्टी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। उल्लेखनीय है कि इन तीनों चिकित्सालयों में स्वयं की पार्किंग व्यवस्था नहीं है। तीनों चिकित्सालयों के वाहन सड़क पर बीस फीट आगे तक खड़े रहते है, जिससे आवागमन बाधित होता है तथा वाहन चालकों एवं राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

## मौलासर पुलिस ने तीन साल से फरार चल रहे आरोपी को किया गिरफ्तार



धनेश कुमार

**मौलासर( नागौर डेली न्यूज )।** वान्छित अपराधियों की धड़पकड़ अभियान व स्थाई वारण्टियों को गिरफ्तार करने के आदेशों की पालना में मौलासर पुलिस ने तीन साल से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया गया। थानाधिकारी जसवंत देव रलिया ने बताया कि थाना क्षेत्र के ग्राम निमोद हाल मुकाम बोरावड़ निवासी राजेश पुत्र भवरलाल बावरी जो कि धोखाधड़ी मामले में 2020 से फरार चल रहा था, हैड कांस्टेबल श्यामलाल, कॉन्स्टेबल हंसराज मीना, जतन भाटी ने कार्यवाही करते हुए आरोपी राजेश को उसके गांव से गिरफ्तार किया गया। थानाधिकारी जसवंत देव रलिया ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर आरोपी के गाँव मे दबिश दी, वहीं आरोपी मौके से फरार होने के फिराक में था। पुलिस ने आरोपी को डीडवाना न्यायालय में पेश किया जहां से न्यायालय में आरोपी को जेल भेज दिया गया।

## आछोजाई में हो रहा है स्काउट गाइड शिविर का आयोजन

शौकत खान



**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** स्थानीय संघ डेगाना का द्वितीय सोपान, तृतीय सोपान और राज्य पुरस्कार प्रशिक्षण शिविर का आयोजन जन्मजेय की तपोभूमि आच्छोजाई में किया जा रहा है। स्काउटर पूनाराम राव ने बताया कि इस प्रशिक्षण शिविर में डेगाना के विभिन्न विद्यालयो से 320 स्काउट्स और 25 गाइड भाग ले रहे हैं । शिविर का शुभारंभ महंत जयराम गिरी के सानिध्य में शिविर प्रभारी कानाराम पलिया तथा पांचाराम गढ़वाल द्वारा किया गया। पांचाराम गढ़वाल ने बताया कि स्काउटिंग से बच्चो का सर्वांगीण विकास होता है। साथ ही जीवन मे अनुशासन बनाए रखे ताकि जीवन में सफल हो सके। यह शिविर 5 दिन तक चलेगा। शिविर में शिविर प्रभारी के रूप में पूनाराम राव तथा प्रशिक्षक के रूप में उगमाराम बुगालिया, पांचाराम गढ़वाल, पुखराज लखारा, भूराराम बेरा, ज्ञानेश्वर लाल, कांतिलाल जोशी, गजेंद्र सिंह, नारायण राम आदि अपनी सेवाए दे रहे है।

## कृषि कनेक्शन की विभिन्न मांगो को लेकर किसानों ने सौंपा ज्ञापन



शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** डेगाना ईएक्सएन को कृषि कनेक्शन की विभिन्न मांगो को लेकर किसानो ने ज्ञापन सौंपा। पूर्व सरपंच गिरवर सिंह जालसू ने जानकारी देकर बताया कि कृषि कनेक्शन की विधुत सप्लाई नियमित व नियमानुसार की जाए। लंगौड जीएसएस से कृषि फिडर जालसू खुर्द, जालसू कलां, सुखबासनी व अन्य गांवो में पिछले जनवरी 21 से लगातार 5 घंटे सफलाई ही की जा रही है जबकि विद्युत सप्लाई 6 घंटे मिलनी चाहिए। हमारे से 6 घंटे का बिल लिया जा रहा है। इन पांच घंटे सफलाई में लगभग 8 बार ट्रीप होती है जीएसएस पर 3 कर्मचारी होने चाहिए जबकि एक ही कर्मचारी काम कर रहा है। पिछले 8 माह की 240 घंटे लाईट जो कि हमारे बाकी चल रही है इसकी पूर्ति की जायें। इस फिडर का समय शाम 3 बजे से रात 9 बजे तक स्थाई रखा जावे। लगौड जीएसएस से विधुत की सफलाई 5 घंटे दी जा रही है जिसमे भी हर रोज 5 से 8 ट्रीप आ जाता है जिसमे सिंचाई नही हो रही है। जबकि किसान के ट्रीप की लागत व अन्य संसाधन मे लाखो रूपये खर्च हो जाते है एवं लाईट नहीं मिलने के कारण किसान की लागत नही मिलती है। जिससे परिवार का गुजारा नही चला सकता है मजबूर होकर आत्महत्या की ओर अग्रसर हो रहे है।

## सीवरेज कार्य में तोड़ी सड़कों की रिपेयरिंग करना भूले जिम्मेदार

### कार्य के दौरान लापरवाही व भेदभाव का आरोप

अबू बकर बल्खी





**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** लाडनूँ शहर में सीवरेज निर्माण के दौरान तोड़ी गई सड़कें 4 माह बीत जाने के बाद भी दुरुस्त नहीं किए जाने पर स्थानीय पार्षद रुखसार बानो ने तहसीलदार डॉ. सुरेंद्र भास्कर व कार्यवाहक अधिशासी अधिकारी को पत्र सौंपकर रूडीप अधिकारियों एवं एलएंडटी के कार्मिकों के खिलाफ एक्शन लेने की मांग की है।

पत्र में भेदभाव का आरोप लगाते हुए कहा गया कि वार्ड संख्या 31 में पिछले 4 महीनों से सीवरेज लाइन वर्क के दौरान तोड़ी गई सड़क पर कार्मिक कंक्रीट बिछाकर रफूचक्कर हो गए। उसके बाद आजतक वापस नहीं लौटे। ठेकेदार व उनके श्रमिक सड़क की स्थिति पहले से और अधिक बदतर कर चलते बने। पिछला काम पूर्ण किये बिना ही आगे बढ़ते जा रहे हैं। जिसके चलते यहां से गुजरने वाले राहगीर कई बार गिरकर चोटिल हो जाते हैं वही पशुओं को भी कंक्रीटनुमा सड़क पर चलने में परेशानी हो रही है। हालांकि इस बारे में उन्होंने रुडीप के अधिकारियों व एलएनटी कंपनी के जिम्मेदार इंजीनियर को अनेकों बार अवगत भी करवाया मगर हालात वही ढाक के तीन पात वाले बने हुए हैं। स्थानीय निवासी याकूब सोरघर, रईस तगाला, मुबारक अली सोरघर आदि लोगों ने अब नगरपालिका को तोड़ी गई सड़क का एजेंसी से पुनर्निर्माण करवाने एवं वार्ड वासियों को राहत देने की मांग की है।

#### शहर की कमोबेश सड़कों व गलियों के हालात बदतर

लाडनूँ चौथी पट्टी निवासी प्रकाश बैद ने बताया कि छठी पट्टी शिशु वाटिका के सामने सीवरेज कार्य के पश्चात कार्मिक पाईपलाईन लीके छोड़ गए व नालियों में कचरा डालकर अवरुद्ध कर दिया जिससे वंहा गंदा पानी एकत्रित हो रहा है। वंही चौथी पट्टी महाश्रमण भवन के पास 10 दिनों से खोदा हुआ गड्ढा छोड़कर चले गए वँहा तोड़ी हुई सड़क की कोई सुध नहीं ले रहा। इसी प्रकार पुलिस थाने के सामने से मारुति शोरूम के पास, सद्दीक नगर के भी यही हाल है। लाडनूँ क्षेत्र में निर्मल होटल वाली गली, शहरिया बास चांद दड़ा, जाटों का बास, तेली रोड, आदि अनेक स्थानों पर तोड़ी गयी सड़कों का पुनर्निर्माण नहीं होने से खोदे गए गड्ढे में गिरने से बालक व आमजन गिरकर घायल हो रहे है। रूडीप अधिकारियों की सही मोनिटरिंग के अभाव व एलएंडटी कार्मिकों की लापरवाही का खामियाजा आमजन को उठाना पड़ रहा हैं।

## फसल खराबे का सही आंकलन कर मुआवजा दें सरकार : किसान सभा

सद्दाम रंगरेज



**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज )।** अखिल भारतीय किसान सभा के बैनर तले उपखंड अधिकारी मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर फसल खराबे का सही आंकलन करवाकर मुआवजा दिलाने की मांग की गई है। किसान सभा के तहसील अध्यक्ष रेखाराम बडकेशिया ने बताया कि कुचामन तहसील के सज़ी गांवों में (प्राकृतिक आपदा अतिवृष्टि) बेमौसम बरसात से फसल को भारी नुकसान हुआ है, जिससे से क्षेत्र में मूंग की फसल का 100 प्रतिशत नुकसान हुआ है वहीं मूंगफली, बाजरा, ग्वार, मोठ आदि फसलों का भी भारी खराबा हुआ है।

किसानों को क्रोप कटिंग व खराबा गिरदावरी के द्वारा ही बीमा क्लेम मिलना है। कुचामन तहसील के अत्यधिक किसानों ने फसल बीमा भी करवा रखा है। क्षेत्र का निजी कंपनी को ठेका मिल रखा है जो यह कतई नहीं चाहती है कि किसानों को बीमा क्लेम मिले। अखिल भारतीय किसान सभा ने ज्ञापन में मांग की है कि कुचामनसिटी तहसील के तमाम गावों का नियमानुसार सही-सही क्रोप कटिंग का आंकलन कर भिजवाए जिससे क्षेत्र का (किसान) अन्नदाता ना ठगा जाए। किसान सभा ने चेतावनी देते हुए कहा यदि सही-सही आंकलन नहीं होता है तो फिर हमें मजबूरन सड़कों पर आकर अपने हको के लिए इस आंदोलन को तेज करना पड़ेगा।

**ये रहे ज्ञापन सौंपने वालों में शामिल :** ज्ञापन सौंपने वालों में अखिल भारतीय किसान सभा के तहसील अध्यक्ष रेखाराम बडकेशिया, सचिव कानाराम बिजारणिया, कामरेड् अब्बास खान, पन्नाराम बिजारणिया, जीवणराम कुमावत, भंवरलाल बुरडक, कुशलाराम, मन्नाराम, अर्जुन रणवां, ओमप्रकाश बाबा, शुज़म, हड़मान नेहरा मौजूद थे।

## ससुर, जेठ व देवर पर मारपीट व छेड़छाड़ का आरोप

धनेश कुमार

**मौलासर( नागौर डेली न्यूज )।** थाना क्षेत्र के मौलासर की ही एक महिला ने अपने ससुर, जेठ, देवर पर गाली गलौज, मारपीट व छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। थानाधिकारी जसवंत देव रलिया ने बताया कि प्रार्थिया कमला पत्नि राजेन्द्र सिंह जाट निवासी मौलासर ने अपने ससुर हनुमानराम, जेठ जीवणराम, देवर सुरेन्द्र के खिलाफ मारपीट करने व छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया। थानाधिकारी ने बताया कि प्रार्थिया ने बताया कि इनके बीच बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा है। पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर छेडछाड का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## किसानों को दी बीजोपचार की जानकारी कृषक समूह बनाने के लिए किया प्रेरित



सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज )।** कुचामन ब्लॉक के एफपीओ किसानो के केन्द्रीय योजनान्तर्गत गठित किसान उत्पादक संगठन के किसानों के लिए रबी फसल के बीजों का बीजोपचार अमेररका बेस्ड कंपनी की बीजोपचार दवाई द्वारा किया गया।

इस कार्यक्रम में सीबीबीओ के जिला प्रबंधक श्रवणराम चौधरी ने किसानों को बीजोपचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने किसानो को बताया कि इस दवाई के द्वारा बीज उपचार किए जाने के बाद किसानो को फसलों में उत्पादन क्षमता बढ़ेगी तथा मौसम परिवर्तन होने पर फसलों के नुकसान नहीं होगा तथा फसलें सुरक्षित रह सकेगी। केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जा रही किसानो के लिए दस हजार किसान उत्पादक संगठन योजना के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया गया कि सरकार की इस योजना से किसान अपनी खेती की लागत में कमी एवं अपनी फसल का सही दाम प्राप्त करने में सफल हो सकेंगे। किसान इस योजना का लाज़ लेने के लेने के लिए ग्राम स्तर पर कृषक लाभ समूह बनाएं। काश्तकारों को इस योजना के माध्यम से खेती में बीज से लेकर बाजार तक की उपलब्धता करवाई जायेगी। किसान इस योजना का ज्यादा से ज्यादा लाभी लें। कार्यक्रम में कुचामनसिटी एफपीओ के किसानो ने अपनी आगामी फसलों के लिए बीज उपचार कार्यक्रम में भाग लिया।

## उद्योग मंत्री ने 'इन्वेस्ट राजस्थान क्विज' विजेताओं को दिए पुरस्कार

जयपुर।

उद्योग मंत्री श्रीमती शकुंतला रावत में गुरुवार को यहाँ उद्योग भवन के बीआईपी के बोर्ड कक्ष में इन्वेस्ट राजस्थान क्विज के प्रथम 14 विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रीमती वीनू गुप्ता और आयुक्त बीआईपी श्री ओम कसेरा भी उपस्थित थे। पुरस्कार वितरण समारोह में प्रथम पुरस्कार विजेता नागौर की सुश्री प्रमिला चौधरी को 55 इंच का स्मार्ट टीवी दिया गया, जबकि अन्य 3 विजेताओं में सुश्री कान्ता शर्मा, सुश्री सरिता मीणा एवं श्री हिमांशु को लिनोवा टेबलेट दिए गए।

## भामाशाह द्वारका प्रसाद जाजू ग्रुप की ओर से अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित

### केश कला बोर्ड के प्रदेश स्तरीय समिति के सदस्य माणक सेन का किया स्वागत

सुशील दिवाकर



**मेड़तासिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** जैतारण चौकी के संजय नगर कॉलोनी में नव नियुक्त केश कला बोर्ड के प्रदेश सदस्य मानक सेन को माला व साफा पहनाकर जाजू ग्रुप की ओर से स्वागत अभिनंदन किया गय। इस दौरान समाजसेवी भामाशाह द्वारका प्रसाद जाजू, गोपाल जाजू ने मीडिया से रूबरू होते हुए कहां कि माणक सेन को जो जिम्मेदारी मिली है उससे शहर के लोगों में खुशी की लहर है। इसके साथ ही मेड़तासिटी की जन समस्याओं को वह सरकार के समक्ष रखेंगे ऐसी उम्मीद की जा रही है। इस अवसर पर पूर्व पार्षद रामचंद्र जादम, पुजारी राजकुमार, विनोद प्रजापत, किशोर तिवारी, मुकेश तंवर, गोपाल लोहार, श्रवन, भारत नायक, मनीष वैष्णव, मुकेश शर्मा, रमेश वैष्णव, राजू बेदावडी, मांगीलाल, गोपाल आदि शहरवासी मौजूद रहे।

## दीपावली पर्व पर नगर परिषद् आयोजित करेगा सजावट प्रतियोगिता

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज )।** दीपावली पर्व के उपलक्ष्य में शहर में नगर परिषद् द्वारा सजावट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। आयुक्त श्रवणराम चौधरी ने बताया कि सर्वोत्तम सजावट के लिए तीन श्रेणियों यथा घर (आवास), दुकान (वाणिज्यिक) एवं कॉम्पलेक्स सजावट में विभाजन किया गया है। प्रथम एवं द्वितीय पुरस्कार के रूप में आगामी गणतंत्र दिवस समारोह में सम्बन्धित सजावटकर्ता को सम्मानित किया जाएगा। सजावट का निरीक्षण दीपावली पर्व की शाम को उपमुख्य सचेतक महेन्द्र चौधरी, नगर परिषद् सभापति आसिफ खान सहित परिषद् के पार्षदों एवं नगर के गणमान्य लोगों द्वारा किया जाएगा।

# PROUD : 2 कांस्टेबलों ने 250 सीसीटीवी खंगालें, जैसलमेर के धोरों में जाकर चेन स्नेचिंग के आरोपियों को दबोचा

## पता पछूने के बहाने महिला के गले से सोने की चेन लूटकर भागे थे आरोपी

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** एक सप्ताह पूर्व कुचामन में हुई चेन स्नेचिंग की घटना का पुलिस ने भंडाफोड़ कर दिया है। कुचामन पुलिस ने इस कार्यवाही को अंजाम देकर जहां अपराधियों के हौंसले पस्त किए हैं वहीं आमजन में भी खाकी का इकबाल बुलंद रखा है। गौरतलब है कि 7 अक्टूबर को एड्रेस पूछने के बहाने से एक महिला को रूकवाकर 2 बाइक सवार उच्चकों ने चेन स्नेचिंग की घटना का अंजाम दिया था।

दिन दहाड़े भीड़ भाड़ वाले क्षेत्र से हुई इस घटना के बाद शिक्षा नगरी के लोग थोड़े सहम उठे थे। पुलिस उप अधीक्षक संजीव कटेवा से मिली जानकारी के अनुसार पुलिसथाना कुचामनसिटी ने दिनदहाड़े महिला के गले से सोने की चेन तोड़ने के प्रकरण में त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी हितेश पुत्र नेमीचन्द जाति जाट उम्र 23 साल निवासी झाटवा तहसील मलसीसर जिला झुंझुनूं व निखिल पुत्र भरत सिंह जाति जाट उम्र 20 साल निवासी ढीगाल तहसील नवलगढ़ पुलिस थाना मुकनगढ जिला झुंझुनूं को गिरफ्तार किया है।



आरोपी हितेश जाट व निखिल जाट गिरफ्तार

**250 सीसीटीवी खंगाले तब जाकर पकड़ में आए आरोपी :** कुचामन थानाधिकारी मनोज माचरा से मिली जानकारी के अनुसार तकनीकी अनुसंधान तथा 250 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज का विश्लेषण करने के बाद दोनों आरोपियों को जैसलमेर में दबोचा गया। आरोपियों ने किशनगढ, जयपुर, बीकानेर में भी वारदातें करना स्वीकार किया है। इस पूरी कार्यवाही में चित्तावा थाने का भी अहम रोल रहा। चित्तावा थानाधिकारी हरिराम जाजुन्दा ने बताया कि कुचामनसिटी में न्यू कॉलोनी में सुबह करीब 10 बजे श्रीमति प्रियंका पत्नी विनोद कोठारी जाति माहेश्वरी निवासी न्यू कॉलोनी की रास्ते जाते समय अज्ञात मोटर साईकिल पर बैठे दो व्यक्तियों एड्रेस पूछने बहाने से जबरन गले से सोने की चेन छीनकर भाग गये, जिसकी जांच पुनम चन्द स.नि. पुलिस थाना कुचामनसिटी द्वारा शुरू की गई।





**इस पुलिस टीम ने निभाया अहम किरदार :** इस कार्यवाही में कुचामन थानाधिकारी मनोज माचरा, चित्तावा थानाधिकारी हरीराम जाजुन्दा, पूनमचन्द स.नि. पुलिस थाना कुचामनसिटी, गोपाल सिंह कानि. कुचामनसिटी, पुखराज कांस्टेबल चित्तावा व श्याम प्रताप हैड कानि0 सायबर सैल नागौर की अहम भूमिका रही। अज्ञात व्यक्तियों को दस्तयाब करने के लिए कुचामन पुलिस थाने के कांस्टेबल गोपालसिंह व चित्तावा थाने के कांस्टेबल पुखराज ने कुचामनसिटी में शहर के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज, जिलिया टोल, लोसल, खुड, दुजोद, सावंली, सावंली चौराया, गोकुलपुरा, रामु का बास, पिपराली चोराया, झुंझुनूं बाईपास, कटराथल, दादीया, नवलगढ, मुकुन्दगढ, घोडीवारा, बालाजी, दिगाल में देखते-देखते सीसीटीवी फुटेजों के आधार पर अज्ञात बदमाशों की तलाश की गई। फुटेज देखने पर सदिंग्ध व्यक्तियों व मोटर साईकिल की पहचान करने में सफलता मिली। इसके बाद इलाकों के स्थानीय व्यक्तियों से इनके बारे मे जानकारी प्राप्त कर दोनों आरोपियों हितेश व निखिल की तस्दीक की जाकर तलाश तकनिकी सहायता से झुंझुनूं से फतेहपुर, रतनगढ, बीदासर, नोखा, बीकानेर जाकर टेक्नीकल युनिवर्सिटी पहुंचे जहां से दोनों व्यक्तियों की तकनीकी सहायता से तलाश फलोदी, रामदेवरा, पोकरण, जैसलमेर के सम के धोरों के पास से दोनों आरोपियों को दस्तयाब कर गिरफ्तार किया गया।

### एक सप्ताह पूर्व कुचामन में हुई थी चेन स्नेचिंग की घटना

**अन्य जगहों पर दिया वारदात को अंजाम :** पूछताछ के दौरान आरोपियों ने किशनगढ़, जयपुर, बीकानेर में भी वारदातें करना कबुली की है। दोनों आरोपियों को दस्तयाब करने में दोनो कांस्टेबल गोपाल सिंह व पुखराज ने ने करीब 250 सीसीटीवी फुटेज देखकर तथा निरन्तर अथक प्रयास से आरोपियों को गिरफ्तार किया।

## व्यापारियों को पॉलीथिन यूज पर रोक लगाने के दिये निर्देश

अबूबकर बल्खी



**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** तहसीलदार व नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी डॉ. सुरेंद्र भास्कर ने गुरुवार को शहर के व्यापार मंडल अध्यक्ष सुशील पीपलवा के नेतृत्व में आये व्यापारियों को प्लास्टिक बैन पर सरकार के आदेशों की पालना करते हुए पॉलीथिन का यूज नहीं करने एंव ग्राहकों को जागरूक करने की हिदायत दी।

भास्कर ने बताया कि राज्य सरकार के आदेशों की पालना में त्यौहारी सीजन के मद्देनजर स्वास्थ्य, सुरक्षा एंव सफाई का विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत बाजार में पॉलीथिन की सघन जांच, खाद्य पदार्थों में मिलावट, लाइसेंस जांच व डेट एक्सपायरी आइटम की चेकिंग कर उनकी सफाई की जाएगी। पॉलीथिन रखने वाले व्यापारियों पर कार्रवाई की जाएगी।

इस संबन्ध में व्यापार मंडल से प्रशासन का सहयोग करने, पॉलीथिन के स्थान पर कपड़े के थैले इस्तेमाल करने एंव ग्राहकों को जागरूक करने की अपील की गई है। वंही व्यापार संघ अध्यक्ष सुशील पीपलवा ने बताया कि रमेश सिंधी, सुरेश कुमार जाजू, बृजेश महेश्वरी, पार्षद मोहन सिंह आदि ने अधिशाषी अधिकारी सुरेंद्र भास्कर को शहर में कपड़े की। वेंडिंग मशीनें लगवाने, जागरूकता के स्लोगन व बैनर लगवाने में सहयोग का आश्वासन दिलाया है इसी के साथ दीपावली तक व्यापारियों को किसी भी प्रकार की कार्रवाई एंव चैकिंग अभियान में राहत प्रदान करने की मांग की गई है।

## आत्महत्या मामले में तीसरा आरोपी भी गिरफ्तार

### न्यूड वीडियो बनाकर युवक को धमकाकर रूपए मांगने का मामला

एजाज़ अहमद उस्मानी

**मेड़ता रोड( नागौर डेली न्यूज ) :** डेढ माह पूर्व अड़तीस वर्षीय युवक का न्यूड वीडियो बनाकर वायरल करने के नाम पर रूपए एंठने के दबाब में आकर युवक के द्वारा आत्महत्या करने के मामले में जीआरपी पुलिस ने तीसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है। पूर्व में गिरफ्तार दो आरोपी पीसी रिमांड पर चल रहे है। यह एक गैंग है जिसके द्वारा ब्लेकमैलिंग कर प्रतिदिन लाखों रूपयों की ठगी की जाती है। आरोपियो से गहनता से पूछताछ की जा रही है। जीआरपी के अनुसार डेगाना तहसील के आंतरोली निवासी हेमसिंह रावणा राजपूत ने 27 अगस्त 2022 को रिपोर्ट पेश कर बताया कि उसका छोटा भाई गोपालसिंह जो करीब चार वर्षो से पत्नी सहित जयपुर गोपालबाड़ी में रह रहा है। ऑटो पार्टस की दुकान करता था। 26 अगस्त को जीआरपी पुलिस द्वारा सूचना मिली कि ट्रेन एक्सीडेंट में जालसू स्टेशन पर गोपालसिंह (38) मृत्यु हो गई है। जिस पर वह और उसका भाई भवानीसिंह जोधपुर होने के कारण परिवार के निकट रिश्तेदार नरेन्द्र, भवानीसिंह, आंतरोली सरपंच निर्मल शर्मा सहित मौके पर पहुंचे। जोधपुर से हम दोनों भाई डेगाना मोर्चरी पहुंचे। डेगाना मोर्चरी में मृतक का शव रखा हुआ था। डेगाना पहुंचने पर जहां पर जानकारी मिली कि उसके भाई के द्वारा लिखा गया सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें संजय अरोड़ा सीबीआई अफसर नाम के व्यक्ति द्वारा दबाब बनाकर वीडियो बनाकर रूपए ले लिए और रूपयों का दबाब बनाया। सुसाइड नोट में दो मोबाइल नंबर भी लिखे गए मिले।



उसके भाई पर रूपए देने का दबाब बनाया कि वीडियो लाइव कर देंगे। इनके दबाब में आकर ट्रेन से उसके भाई ने आत्महत्या की है। उसके भाई का शव पूरी तरह से बिखर गया। सूचना पर जीआरपी मेड़ता रोड मौके पर पहुंची थी। जीआरपी मेड़ता रोड ने मामला 306 भादस में दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम करवाया जाकर शव परिजनों के सुपुर्द किया था। जीआरपी ने प्रकरण में आईटी एक्ट की धारा लगाते हुए जांच जोधपुर जीआरपी थानाधिकारी के यहां पर भेजी गई थी। मामले की जांच जोधपुर जीआरपी थानाधिकारी के द्वारा करते हुए कुछ दिनों पूर्व जीआरपी ने भरतपुर जिले के कांमा थाने के नंदेरा निवासी राहुलखां, भरतपुर जिले के कांमा तहसील के इन्द्रोली निवासी रहमान को गिरफ्तार किया गया था। जो पीसी रिमांड पर चल रहे है। जीआरपी ने अब हरियाणा के रायपुरी निवासी हैदरअली को भी इस मामले में गिरफ्तार किया है।

**आरोपियों के खिलाफ पहले से चल रहे हैं मामले :** जीआरपी थानाधिकारी मेड़ता रोड लादूराम ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी राहुल के विरूद्ध धोखाधड़ी आदि के मुकदमे व रहमान खां के विरूद्ध दो मामले विचाराधीन है। यह गैग बड़ी है। जो न्यूड वीडियो बनाकर ठगी करते है। जीआरपी सूक्ष्मता से जांच कर रही है। वोक्स- गठित विशेष टीम द्वारा साइबर सेल के तकनीकी सहयोग द्वारा न्यूड वीडियो कॉल करने वाले व ठगी करने वाले मोबाइल नंबरों का विश्लेषण व लाभांवित बैक खातों का विश्लेषण किया गया। रूपए ट्रांसफर करवाने हेतु प्रयोग में लिए गए फोन-पे, पेटीएम, गुगल पे, इत्यादि, ईवॉलेट का संबधित नोडल ऑफिसर से डाटा प्राप्त कर विश्लेषण किया गया। टीम द्वारा हरियाणा सहित विभिन्न राज्यों में जाकर आरोपियों की तलाश की गई। यह गिरोह संगठित रूप से काम करता है जिसमें वीडियो बनाने वाले, बैक खाता खोलने वाले, मोबाइल उपलब्ध करवाने वाले, अलग अलग व्यकित होते हे। जो आपस में एक दूसरे से कनेक्ट होते है।

## घटिया सामग्री से हो रहा स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण

### शिकायत के बावजूद नहीं हो रही कार्रवाई

अबूबकर बल्खी



**लाडनूँ ( नागौर डेली न्यूज ) :** लाडनूँ तहसील के आसोटा में घटिया निर्माण सामग्री से उपस्वास्थ्य केंद्र खड़ा किया जा रहा है जो भविष्य में जानलेवा होने की संभावना है । इस बारे में सरपँच द्वारा एसडीएम एंव ब्लॉक सीएमएचओ को अवगत करवाने के बावजूद कार्रवाई नहीं की जा रही। ग्राम पंचायत आसोटा सरपंच हरदयाल रुलानिया ने उपखंड अधिकारी अनिल कुमार को ज्ञापन सौंपकर बताया कि आसोटा में निर्माणाधीन उप स्वास्थ्य केंद्र में घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। जिसकी जांच करने की मांग की गई है। रुलानिया ने बताया कि ग्राम पंचायत असोटा में उप स्वास्थ्य केंद्र भवन का निर्माण चिकित्सा विभाग द्वारा करवाया जा रहा है इस निर्माण भवन में प्रयुक्त होने वाली सामग्री सरिया, सीमेंट एवं बजरी घटिया स्तर की उपयोग में ली जा रही है। इस बारे में ब्लॉक सीएमएचओ मूलचंद चौधरी व संबंधित ठेकेदार को भी उन्होंने अनेकों बार अवगत करवाया लेकिन ठेकेदार द्वारा मनमानी करते हुए यहां हल्की क्वालिटी की ईईंट, लोहे का सरिया, एवं रेत प्रयुक्त बजरी उक्त भवन के निर्माण में उपयोग में ली जा रही है जिसके चलते यह निर्माणाधीन भवन कभी भी गिर सकता है। इस बारे में यहां बड़ा हादसा होने व भविष्य में होने वाली जनहानि से भी सरपँच ने चेताया है। उन्होंने अपने पत्र में घटिया निर्माण सामग्री की जांच व सरिए की मोटाई , बजरी व सीमेंट आदि की जांच कर ठेकेदार को जी शेड्यूल के अनुसार निर्माण करवाने के लिए पाबंद करवाने की मांग की है।

## नालियों का सुधार कर गंदे पानी की निकासी सुनिश्चत करें ठेकेदार

शौकत खान



**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** डेगाना नगरपालिका के चेयरमेन मदनलाल अटवाल ने शुक्रवार को शहर के विभिन्न वार्डो में सड़कों और नालियों का निरीक्षण किया तथा वार्डवासियों से समस्याओं की सुनवाई की, जिसमें लोगो ने बताया की उनके वार्ड मे बनाई सीसी सडकें पूरी तरह से घटिया निर्माण सामग्री के द्वारा बनाई। इसके कारण हाल ही में निर्मित मे सीसी सडकों के कंकर निकल गये ओर वाहनों के चलने के बाद पिछे मिट्टी उड़ती है। इसके कारण लोंगों को दमा ओर श्वांस जैसी बिमारियों म बढोत्तरी हो रही है। ठेकेदार द्वारा घटिया निर्माण सामग्री के द्वारा सडकों का निर्माण करवाकर सरकारी राशि का चुना लगाया जा रहा है। इसी प्रकार से वार्डवासी सत्यनारायण शर्मा सहित लोगो न बताया की की जेईएन ओर ठेकेदार की मिलीभगती से वार्ड मे बिना लेवल के नालियों का निर्माण कराया।

## सदावत बने शिक्षा भूषण व जाट प्रेरक

अ.रहमान देवड़ा



**मूण्डवा ( नागौर डेली न्यूज )।** शिक्षा के क्षेत्र में प्रदत्त सहयोग देना और सहयोग के लिए प्रेरित करना, किसी भी समाज के लिए विकास का उच्चतम मानदंड हुआ करता है ।कुछ ऐसी ही मिशाल मूंडवा क्षेत्र के भामाशाहों और प्रेरक शिक्षाविदों कायम की है। राज्य स्तरीय 26 वें भामाशाह सम्मान समारोह में राज्य सरकार ने जयपुर में सामाजिक कार्यकर्ता और पूर्व मूंडवा नगरपालिका अध्यक्ष घनश्याम सदावत और अंबुजा के प्रशांत रंगा को शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार और सहयोग के उपलक्ष में शिक्षा भूषण पुरस्कार देकर ससम्मान ताम्रपत्र प्रदान किया। गौरतलब है कि सदावत का शिक्षा, चिकित्सा और सामाजिक सरोकारों में सक्रिय योगदान रहता है जिनको राज्य सरकार ने दर्ज किया है ।क्रमशः बालिका विद्यालय मूंडवा के प्रधानाचार्य भंवरलाल जाट के मॉडल स्कूल मूंडवा, रा उ मा वि खजवाना और बालिका विद्यालय मूंडवा के भौतिक विकास में भामाशाहों को प्रेरित करने के उपलक्ष में राज्य स्तर पर पुरस्कृत किया गया ।बालिका विद्यालय मूंडवा को शिक्षा विभाग ने इस वर्ष उत्कृष्ट विद्यालय भी घोषित किया है । मूंडवा के ही निवासी श्रवण कुमार जाट प्रधानाध्यापक राजकीय प्रवेशिका संस्कृत विद्यालय रतनसागर ताऊसर को उनके द्वारा विद्यालय में करवाये गये भौतिक विकास के उपलक्ष में राज्य सरकार ने प्रेरक पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। जयपुर के मानसरोवर स्थित टेगौर एजुकेशन केन्द्र के सभागार में आयोजित इस राज्य स्तरीय समारोह में शिक्षा मंत्री बी डी कल्ला, उच्च शिक्षा मंत्री राजेन्द्र यादव, तकनीकी शिक्षा मंत्री सुभाष गर्ग, निदेशक माध्यमिक शिक्षा गौरव अग्रवाल और अतिरिक्त शासन सचिव पवन कुमार गोयल व समस्त शिक्षा विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। संस्कृत शिक्षा निदेशक भास्कर शर्मा ने श्रवण कुमार जाट को बधाई दी ।मूंडवा शहर से शिक्षा के क्षेत्र में समर्पित चार जनों का राज्य स्तर पर सम्मानित होना, क्षेत्र के लिए गर्व की बात है।

## गंभीर मारपीट के आरोपी को मेड़ता रोड पुलिस ने 24 घंटों के अंदर किया गिरफ्तार

एजाज़ अहमद उस्मानी



**मेड़ता रोड( नागौर डेली न्यूज ) :** मारपीट के आरोप में मेड़ता रोड पुलिस ने एक नामजद आरोपी को बात में 24 घंटे में गिरफ्तार किया है। मेड़ता रोड पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार 11 अक्टूबर को गोपाल शर्मा पुत्र सत्यनारायण शर्मा जाति सेवक उम्र 41 वर्ष निवासी मेड़ता रोड ने पुलिस थाना मेड़ता रोड में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। रिपोर्ट में परिवादी ने लिखा है कि 11 अक्टूबर की शाम को आरोपियों ले एक राय होकर तथा मेरे आड़े फिर कर मेरे सिर पर कुल्हाड़ी से वार किया, जिससे मेरे सर व गर्दन में गहरी चोट आ गई। देवता रोड पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद तुरंत कार्यवाही करते हुए 24 घंटे में आरोपी चेनाराम पुत्र रामकुंवार जाति सेवक उम्र 52 साल निवासी बाईपास सरहद मेड़ता रोड को गिरफ्तार किया है। इस दौरान मेड़ता रोड थाना अधिकारी राजपाल सिंह शेखावत ने बताया बताया कि परिवादी की रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद मेड़ता रोड पुलिस ने तुरंत कार्यवाही करते हुए एक टीम गठित की।

## बालिका शिक्षा को मिले बढ़ावा : अख्तर

### भकरी में बालिकाओं का सम्मान समारोह आयोजित



जुगल दायमा

**हरसौर( नागौर डेली न्यूज ) :** ग्राम भकरी के महात्मा गांधी स्कूल में बालिकाओं का सम्मान समारोह आयोजित हुआ।

विद्यालय की बालिका खुशबु मालावत को जिला कलेक्टर द्वारा सम्मानित किए जाने पर स्वागत किया गया। तहसील स्तर पर प्रथम रही बालिका तैली समरीन का को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सरपंच अख्तर हुसैन ने कहा कि बालिका शिक्षा को बढ़ावा मिलना चाहिए, ताकि समाज का सर्वांगीण विकास हो सके। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य इन्द्रचन्द मुण्डोतिया हसन देशवाली, सद्दाम देशवाली, दीपक बन्जारा, सद्दीक मोहम्मद, मकबुल अहम्मद, मेहमुद मोहम्मद सहित अन्य ग्रामवासी उपस्थित थे। मंच संचालन अध्यापक समंदर सारण ने किया।

## सुहाग की लम्बी उम्र के लिए रखा व्रत, सौलह श्रृंगार कर किया चंद्रमा का दीदार

हितेश रारा



**मारोठ( नागौर डेली न्यूज ) :** कस्बे सहित आसपास ग्रामीण क्षेत्रो में गुरुवार के दिन सुहागिन महिलाए करवा चौथ पर उपवास रखकर अपने सुहाग की लम्बी उम्र की कामना करती है। करवा चौथ कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को मनाया जाता है। महिलाए इस दिन के लिए फैन्सी आईटम, ज्वैलरी, कपड़े आदि की खरीददारी करती है।

इस दिन सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र की कामना करती हैं। महिलाएं पूरे दिन निर्जला व्रत रखती हैं। शाम को चंद्रमा को अर्घ्य देकर पति के हाथों से पानी पीकर व्रत खोलती हैं। लेकिन समय बदलने के साथ साथ ही आजकल कुंवारी लड़कियां भी करवा चौथ का व्रत रखने लग गई हैं। उनका मानना है कि इससे अच्छे वर की प्राप्ति होती है। सुहागिन महिलाए इस दिन सोलह श्रृंगार करती है। हाथो व पैरो पर मेहंदी लगना भी नहीं भूलती है। मिट्टी बर्तन करवा जिसमें पानी भर रखा जाता है। बुजुर्ग महिलाओ ने पूजा अर्चना कर कथा सुनाई ।सुहागिन महिलाओ ने करवा पूजन के बाद सासू मां के चरण स्पर्श कर अखंड सौभाग्यवती का आर्शीवाद भी लिया।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एंव संपादक सद्दाम द्वारा नेशनल प्रिंटर्स, लोहा मंडी, डीडवाना से मुद्रित तथा घाटी कुआँ, छीपा मोहल्ला, कुचामनसिटी, जिला नागौर (राज.) से प्रकाशित। मोबाइल नम्बर 7737211664 Email-nagaurdaily0@gmail.com